यातायात प्रबंधन,महानगर इंदौर

प्रेस नोट

दिनाँक 14.01.2024 को इंदौर शहर में भारत एवं अफगानिस्तान के मध्य आयोजित होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच के दौरान शहर यातायात व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी

• स्टेडियम तक प्रवेश हेतु मार्ग हुकुमचंद घंटाघर की ओर से तथा पंचम की फेल की ओर से आने वाले दर्शको का प्रवेश जंजीरवाला चौराहा से होगा।लेंटर्न तरफ से आने वाले दर्शक पैदल ही स्टेडियम तरफ आ सकते है।

• पासधारी वाहनो के लिये प्रवेश हेतु मार्ग-

पासधारी वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन का प्रवेश स्टेडियम की ओर प्रतिबंधित रहेगा।

• विवेकानंद स्कूल एवं बास्केटबाल कॉम्प्लेक्स में पार्किंग पास वाले वाहनों का प्रवेश घंटाघर की ओर से होगा ।

• स्टेडियम के अन्दर एवं बाहर आई.टी.सी. अभय प्रशाल में पार्किंग पास वाले वाहनों का प्रवेश लेटर्न चौराहे / यशवंत क्लब रोड की ओर से होगा।

• बिना पास धारी वाहनो की पार्किंग व्यवस्था बाल विनय मंदिर स्कूल एवं जीएसआईटीएस व पंचम की फेल में की गई है। स्थान उपलब्ध रहने तक पहले आओ और पार्क करों ।

• प्रतिबंधित मार्ग -

• लेटर्न चौराहा से जंजीरवाला चौराहे की ओर का मार्ग दोपहर 14:00 बजे से मैच समाप्ति तक केवल पासधारी वाहनों / इमरजेंसी वाहनो को छोड़कर अन्य सभी वाहनों के लिए बंद रहेगा । समयानुसार 20:00 बजे से मैच समाप्ती के 01 घण्टे से पूर्व तक लेटर्न चौराहा से जंजीरवाला चौराहे की ओर आने-जाने वाले वाहनों को रोड की एक साइड पर यातायात चलाया जायेगा।

• एम जी रोड तथा रेसकोर्स रोड, भंडारी ब्रिज एंव राजकुमार ब्रिज के सर्किल में लोडिंग वाहनो का प्रवेश पूर्णत : वर्जित होगा

• डायवर्शन प्लान-

दोपहर 14:00 बजे से 20:00 बजे एवं मैच समाप्ती के 01 घण्टे से पूर्व निम्नानुसार मार्गों पर यातायात परिवर्तित किया जायेगा

• सिटी बस तथा पासधारक वाहनो को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के सवारी वाहन आवश्यकता अनुसार रीगल चौराहे से मधुमिलन की ओर डायवर्ट रहेगें केवल वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनो की स्थिति में मैजिक / आटो को प्रवेश रहेगा।

• गीताभवन चौराहे से घंटाघर जाने वाला यातायात ढक्कनवाला कुंआ होकर श्रीमाया/ मधुमिलन चौराहे के लिए जा सकते है।

• रीगल चौराहे से एम. जी रोड एवं हाईकोर्ट / पलासिया की ओर जाने वाला यातायात मधुमिलन के लिए जा सकते है। इस मार्ग में केवल सिटीबसें एवं इमरजेंसी वाहन (AMBULANCE, FIREBRIGADE) जा सकते है।

• विजय नगर से आने वाला यातायात जो इंडस्ट्री हाउस से राजकुमार ब्रिज होकर मरीमाता जाना चाहते है एवं वो एलआईजी चौराहा से पाटनीपुरा चौराहा परदेशीपुरा एवं सुभाष नगर, कुलकर्णी भट्टा ब्रिज होकर मरीमाता जा सकते है।

• रीगल से जो पलासिया जाना चाहता है। वो रीगल से व्हाइटचर्च से ए. बी रोड का उपयोग कर सकते है।

• मालवा मिल से जंजीरवाला चौराहे से घंटाघर एवं इंडस्ट्री हाउस चौराहा की ओर जाना चाहते है । वे पाटनीपुरा से एलआईजी चौराहा से एबी रोड का उपयोग कर सकते है।

• शेल्बी हॉस्पिटल से जंजीरवाला चौराहे होकर लेंटर्न चौराहा जाने वाला यातायात आवागमन के लिए बाफना बंगले सामने से न्यू पलासिया मार्ग का उपयोग कर सकते है।

• उक्त व्यवस्था दिनांक 14.01.24 को दोपहर 14:00बजे से मैच समाप्ती तक प्रभावशील रहेगी। असुविधा से बचने के लिये वैकल्पिक मार्गों एवं सिटी बस का अधिक से अधिक उपयोग करें।

• दर्शकों की सुविधा के लिए सिटी बसें घंटाघर एवं हाईकोर्ट चौराहा के आसपास यात्रियों को उतारेगी। जहाँ से स्टेडियम की ओर पैदल जा सकेंगे।

आम जनता से अनुरोध है कि निम्लिखित मार्गों का उपयोग करने से बचे :-

• पलासिया से घंटाघर, हाईकोर्ट, रीगल चौराहा मार्ग ।

• मालवामिल से लेंटर्न चौराहा, हाईकोर्ट मार्ग ।

• गीताभवन से घंटाघर जाने वाले मार्ग ।

• मालवामिल से जंजीरवाला जाने वाला मार्ग ।

पार्किंग स्थल -

- यशवन्त क्लब पार्किंग (केवल पासधारकों के लिए)
- अभय प्रशाल एवं आईटीसी पार्किंग (केवल पासधारकों के लिए)
- बास्केट बॉल कॉम्प्लेक्स पार्किंग (केवल पासधारकों के लिए)
- विवेकानंद स्कूल पार्किग (केवल पासधारकों के लिए)
- आईडीए परिसर पार्किंग(केवल पासधारकों के लिए)
- बाल विनय मंदिर स्कूल पार्किग (सभी के लिये पहले आओ और पार्क करें)
- जी.एस.आई.टी.एस कैम्पस पार्किंग (सभी के लिये पहले आओ और पार्क करें)
- पंचम की फेल स्थित मैदान पार्किग (सभी के लिये पहले आओ और पार्क करें

विशेष अनुरोध - स्टेडियम के आसपास वाहनों की पार्किंग के लिए स्थान लगभग न के बराबर है। अनुरोध है कि सिटी बस / लोक परिवहन के साधनों का उपयोग करें।

आम जनता से अनुरोध है कि यातायात पुलिस का सहयोग करें असुविधा से बचने के लिए परिवर्तित मार्ग का प्रयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें सुरक्षित रहें।